खबर संक्षेप

फॉर्मर रजिस्ट्री में छिंदवाड़ा जिला प्रदेश की रैंकिंग में नंबर-1 पर

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला छिंदवाड़ा में फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य अभियान के रूप में पटवारी, स्थानीय युवा, सी.एस.सी. सेंटर द्वारा गांव-गांव में कैंप लगाया जाकर किया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा स्वयं फील्ड पर जाकर इस कार्य की मॉनिटरिंग कर राजस्व अधिकारियों को सतत रूप से निर्देशित किया जा रहा है। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध जिले में फॉर्मर रजिस्ट्री का कार्य 82 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है तथा छिंदवाड़ा जिला प्रदेश स्तर पर नंबर वन रैंकिंग में बना हुआ है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को फॉर्मर रजिस्ट्री बनाया जाना अनिवार्य है। यदि उनके द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं बनाई जाती है, तो शासन द्वारा जारी होने वाली आगामी किस्त प्राप्त होने में परेशानी होगी। उन्होंने सभी पीएम किसान सम्मान निधि के हितग्राहियों से अपील की है कि यदि आपके द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री नहीं बनवाई गई है तो आज ही अपने गांव के पटवारी, स्थानीय युवा, सी.एस.सी. सेंटर से संपर्क कर तत्काल बनवायें और शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

शिविर का आयोजन 24 फरवरी से 29 मार्च तक

छिन्दवाड़ा। म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला परियोजना प्रबंधक छिंदवाड़ा सुश्री रेखा अहिरवार ने बताया कि सिस इंडिया प्रायवेट लिमिटेड सीओ, आरटीए जशापुर द्वारा छिन्दवाडा/पांढुर्णा जिले में पात्र बेरोजगार युवक/युवतियों के लिये सिक्युरिटी गार्ड/ सुपरवाईजर की भर्ती के लिये विकासखण्ड स्तर पर पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया है। पंजीयन शिविर में पदों की भर्ती के लिये शैक्षणिक योग्यता 10वीं या उससे अधिक, शारीरिक मापदण्ड, आयु 21 से 35 वर्ष, ऊँचाई 168 से.मी. से अधिक एवं वजन 56 से 90 कि.ग्रा. होना आवश्यक है। शेष शर्ते भर्ती अधिकारी एवं कम्पनी के मापदण्ड अनुसार रहेगी। म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला परियोजना प्रबंधक छिंदवाड़ा सुश्री अहिरवार द्वारा सभी विकासखण्डों के विकासखण्ड प्रबंधकों को निर्देश दिये गये हैं।

कार में सवार एक अन्य की भी मौत, अम्बाड़ा, इकलहरा के बीच हुआ हादसा

अनियंत्रित कार ने दो लोगों को कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

अंबाड़ा - इकलेहरा के बीच ऋषि ढाबा के समीप एक अनियंत्रित कार इवनिंग वाक कर रहे दो लोगों को कुचलते हुए समीप ही खड़े एक पानी के टैंकर से जा टकराई । जिससे कार में सवार एक अन्य व्यक्ति की भी मौत हो गई । घटना के बाद कार चालक फरार बताया जा रहा है । इस हादसे में दो अंबाड़ा और एक नंदन निवासी की मौत हो गई । सभी को परासिया अस्पताल लाया गया । जिन्हें डाक्टर ने मृत घोषित किया ।मिली जानकारी के अनुसार अंबाड़ा बैरियर के समीप रहने वाले जवाहर गुप्ता और इंदिरा आवास कालोनी में रहने वाले महादेव पवार गुरूवार शाम को रहे थे । परासिया से दमुआ की ओर जा रही कार क्रमांक एम पी 28 सी 7344 ने अनियंत्रित गति से दोनों टहलने वालों को जोरदार कार मारी और समीप ही खड़े एक पानी के टैंकर से जा टकराई । जिससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । कार में सवार दमुआ - नंदन निवासी सूरज प्रसाद ऊईके भी गंभीर घायल हुए । सभी घायलों को इलाज के लिए परासिया अस्पताल लाया गया , लेकिन यहां तीनों को मृत घोषित किया गया । बताया जा रहा है , कि हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग गया । पुलिस ने मामला विवेचना में लिया है । कार में दो ही लोग सवार थे ।

उपभोक्ता से ऑडियो में 25 हजार मांगते आया नजर

बिजली विभाग के जेई की रिश्वत मांगने की ऑडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था को बेहतर रखने के लिए तमाम तरह के कार्य कर रहे हैं। इसी कड़ी में जीरो टॉलरेंस पर भी लगातार अधिकारी और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए नजर आए हैं। हालांकि मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अधिकारियों के निर्देशन में रिश्वत प्रकरण के मामले को लेकर काफी लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है । जिसके चलते कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगी हुई नजर आई है। इस बीच मध्यप्रदेश के चौरई डिवीज़न के अंतर्गत उपकेंद्र कुण्डा मे एक विद्युत विभाग के जेई की ऑडियो जमकर वायरल हो रही है। ऑडियो में बाकायदा जेई द्वारा पैसे की डिमांड की जा रही है, विद्युत विभाग सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एक किसान को ट्रांसफर्मर से बिजली के कनेक्शन को लेकर बाकायदा जेई उपभोक्ता से 25000 रुपए की मांग करता हुआ नजर आया है, जिसकी ऑडियो भी वायरल हो रही है, उपभोक्ता द्वारा इस मामले में विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को एक शिकायती पत्र भी दिया गया है और शिकायती पत्र में विद्युत विभाग के जेई सुरेन्द्र कुमार तिवारी ओर ए ई वसंत उमरे के खिलाफ शिकायती पत्र देकर साक्ष्य के तौर पर ऑडियो भी प्रस्तुत की गई है। हालांकि इस मामले में विधुत विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है और संभावित जल्द ही कुछ बड़े निर्णय लेने की भी बात उच्च अधिकारी द्वारा की गई है, विद्युत विभाग सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसी क्षेत्र में के जेई की एक बड़ी लापरवाही भी सामने आई थी, जब एक कर्मचारी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा था यानी कि कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार की जड़ मजबूत होते हुए नजर आई हैं और जिस तरह जेई का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।उससे कहीं ना कहीं विद्युत विभाग के कार्य प्रणाली पर भी सवालिया निशान खड़े हुए हैं, फिलहाल जिस तरह की ऑडियो वायरल हुई और उपभोक्ता द्वारा शिकायत पत्र देकर ऑडियो भी दी गई है, उससे कहीं ना कहीं जेई और कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही भी तय मानी जा रही है, उपभोक्ता द्वारा पैसे की डिमांड करने पर ऑडियो बनाई गई थी और जिसको उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत भी किया गया । फिलहाल ऑडियो का मामला वायरल होने के बाद विद्युत विभाग में हड़कम मचा हुआ नजर आ रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दबी जुबान से विद्युत कर्मचारियों द्वारा भी इस मामले का संज्ञान लेकर उच्च अधिकारियो द्वारा कार्यवाही करने की बात की जा रही है, यानी कि जिस तरह विद्युत विभाग के जेई की ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। उससे कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिलने की आशंका जताई जा रही है । हालांकि बिजली विभाग के अधिकारी कहीं ना कहीं कार्रवाई के मुंड में भी नजर आए हैं।वहरहाल विद्युत विभाग की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

इनका कहना है

जे ई के विरुद्ध लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। उच्च अधिकारी के मार्गदर्शन में विभागीय जाँच की जा रही है, जांच के उपरांत उचित कार्यवाही की जाएगी।

राजेश बेलवंशी
डी.ई. चौरई

छिंदवाड़ा जिले में तहसीलदारों के नवीन पदस्थापना आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिले में शासकीय कार्यों के सुचारू संचालन और कार्यसुविधा की दृष्टि से कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह द्वारा तहसीलदार, प्रभारी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के अस्थायी पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। यह आदेश आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

पदस्थापना सूची

राजनंदिनी सिंह ठाकुर परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर, छिंदवाड़ा – – वर्तमान पदस्थापनाः जिला कार्यालय, छिंदवाड़ा – नवीन पदस्थापनाः तहसीलदार, नजूल, छिंदवाड़ा – अतिरिक्त प्रभारः अतिरिक्त तहसीलदार, शहर

धर्मेंद्र चौकसे, तहसीलदार– – वर्तमान पदस्थापनाः तहसीलदार, शहर, छिंदवाड़ा – नवीन पदस्थापनाः तहसीलदार, तहसील परासिया

सच्चिदानंद त्रिपाठी, प्रभारी तहसीलदार– – वर्तमान पदस्थापनाः प्रभारी तहसीलदार, छिंदवाड़ा ग्रामीण – नवीन पदस्थापनाः प्रभारी तहसीलदार, शहर, छिंदवाड़ा

इंद्रसेन तुमराली, नायब तहसीलदार – – वर्तमान पदस्थापनाः अतिरिक्त तहसीलदार, शहर, छिंदवाड़ा – नवीन पदस्थापनाः प्रभारी तहसीलदार, ग्रामीण, छिंदवाड़ा

विशेष निर्देशः

राजनंदिनी सिंह ठाकुर अपने जिला स्तरीय प्रशिक्षण के साथ-साथ तहसीलदार के प्रशासनिक, न्यायिक व राजस्व संबंधी कार्यों का संचालन करेंगी।

सच्चिदानंद त्रिपाठी को म.प्र. कोष संहिता भाग-1, नियम 125के तहत आहरण-संवितरण के अधिकार दिए गए।

इंद्रसेन तुमराली को म.प्र. कोष संहिता भाग-1, नियम 125 के तहत आहरण-संवितरण के अधिकार दिए गए।

धर्मेंद्र चौकसे के तहसीलदार परासिया का प्रभार ग्रहण करने पर, मोनिका विश्वकर्मा को प्रभारी तहसीलदार परासिया के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया जाएगा।

योगिता बाजपेयी के अवकाश से लौटने पर उनके पदस्थापना संबंधी आदेश अलग से जारी किए जाएंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

कलेक्टर ने दो अधिकारियों को हटाया, नए प्रभारी नियुक्त

छिंदवाड़ा। महिला एवं बाल विकास विभाग में नियुक्ति और वन स्टाफ सेंटर छिंदवाड़ा में गड़बड़ियों को उजागर करने के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने तत्काल प्रभाव से प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी , महिला एवं बाल विकास विभाग मोनिका बिसेन और वन स्टाफ सेंटर प्रभारी भावना कुमरे को हटा दिया है। नई नियुक्तियों के तहत हेमंत छैकर को प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि मोनिका बिसेन को वन स्टाफ सेंटर छिंदवाड़ा का प्रभारी बनाया गया है। प्रशासनिक कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि जिले में पारदर्शिता और सुशासन को प्राथमिकता दी जा रही है।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये आवेदन की अंतिम तिथि 25 फरवरी

छिन्दवाड़ा। आयुक्त अनुसूचित जाति विकास म.प्र. भोपाल द्वारा 09 जनवरी 2025 में दिये गये निर्देशानुसार शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के नवीन/नवीनीकरण आवेदन के लिये अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिये एम.पी.टास पोर्टल एवं 2.0 एनआईसी पोर्टल 25 फरवरी 2025 तक खोला गया है । निर्धारित तिथि तक सभी विद्यार्थियों से अप्लाई कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं ।

माचागोरा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना का प्रचार रथ किया रवाना

छिन्दवाड़ा। जल जीवन मिशन के तहत 937.22 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत अत्यंत महत्वपूर्ण माचागोरा समूह जल प्रदाय योजना का क्रियान्वयन मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत 7 ब्लॉकों के 722 ग्रामों को शुद्ध एवं सतत जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। योजना के अंतर्गत 207 ग्रामों में जल निगम द्वारा पूर्ण रूप से कार्य किया जायेगा तथा 515 ग्रामों में बल्क जल प्रदाय किया जायेगा। वर्तमान में योजना का कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं ग्रामीणों को इससे जोड़ने के लिये आज छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू, कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, जिले के विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रचार रथ उन 207 ग्रामों में भ्रमण करेगा।

संदीप मोहोड़ ने किया माता मंदिर का भूमिपूजन

सौसर। ग्राम पंचायत उटेकांटा के आश्रित ग्राम घोंदी में माता मंदिर का भूमिपूजन जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड हस्तें सम्पन्न हुआ। जनसहयोग से बन रहे इस मंदिर की आधारषीला रखते हुये जिलाध्यक्ष श्री मोहोड ने कहा कि, भारत देष में बडे-बडे दैवीय अवतारों ने जन्म लिया है। हमें सनातन और संस्कृति की रक्षा के लिये आगे आना चाहिये। अवसर पर सरपंच राजु भानगे, मारोतराव खेकडे, लक्ष्मण रूंघे, भीमराव बडवाईक, मंडल अध्यक्ष नामदेव पाल, परमेश मरावी, कुच्चा बेटेकर, ज्ञानदेव, चंद्रभान आदि उपस्थित थे।

निगम ने स्वच्छता में नागरिकों की भागीदारी को दिया बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। महापौर विक्रम अहाके और निगमायुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार, नागरिकों को स्वच्छता में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।निगम द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत नागरिकों से सफाई, सुविधा और रखरखाव को लेकर फीडबैक मांगा जा रहा है, जिससे स्वच्छता सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। निगम का मानना है कि ₹आपकी राय, स्वच्छता का आधार₹, यानी नागरिकों की छोटी-छोटी राय बड़े बदलाव ला सकती हैं।नगर निगम की अपीलः शहर को स्वच्छ रखने के लिए अपने सुझाव और फीडबैक साझा करें। स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं सार्वजनिक स्थानों को गंदा करने से बचें और दूसरों को भी जागरूक करें।नगर निगम का यह अभियान स्वच्छता को सिर्फ एक पहल नहीं, बल्कि एक आदत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इसमें भाग लें और अपने शहर को और अधिक सुंदर बनाने में सहयोग दें।₹स्वच्छता में योगदान दें, छिंदवाड़ा को चमकता शहर बनाएं।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में सांसद ने ली बैठक

सांसद बंटी साहू ने अधिकारियों को दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू ने कलेक्ट्रेड कार्यालय के सभाकक्ष में गुरूवार को दिशा जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक अध्यक्षता करते हुए छः प्रमुख विभागों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करने पर कुछ अधिकारियों को सही जानकारी देने के आदेश दिये।

सांसद श्री साहू ने जिला उद्योग केन्द्र, जल संसाधन विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के लिए तैयार किये गये मीटिंग के एजेंडे के अनुसार योजनाओं और कार्यो की समीक्षा की। लगभग 3 घंटे चली बैठक में सांसद श्री साहू ने हर विभागों के अधिकारियों से बारीकी से हर बिंदु पर चर्चा करते हुए सवाल किए।

मीटिंग के दौरान पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए सांसद श्री साहू ने संबंधित अधिकारी से इस योजना में अभी तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए अभी तक कितने बच्चों को उक्त योजना में ट्रेनिंग दी गई उसके संबंध में प्रश्न किया लेकिन अधिकारी सही जानकारी उपलब्ध नहीं करा पाये जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को सही जानकारी देने के आदेश दिए। सांसद श्री साहू ने छिंदवाड़ा सिंचाई कॉम्पलेक्स वृहद परियोजना की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी से जानकारी ली, जिस पर उन्होंने अधिकारियों को समय सीमा के भीतर संपूर्ण काम पूर्ण करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना को पूर्ण करने में जहाँ भी परेशानी आ रही है उससे हमें अवगत कराये, हम भी किसानों और आमजनों से बात करते हुए उन्हें सहयोग करने के लिए कहेंगे। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि इस योजना के अंतर्गत शामिल गांवों के सौ प्रतिशत किसानों को लाभ मिलना चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

पशुपतिनाथ ज्योतिर्लिंग में अर्पित होगा 151 किलो का त्रिशूल

2024 में बारह ज्योतिर्लिंगों में त्रिशूल भेंट कर किया संकल्प पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले शिवरात्रि का महापर्व अलग स्थान रखता आया है। क्यों कि प्रतिवर्ष लाखों करोड़ों भक्तों की आस्था का केंद्र बिन्दु जो कि चौरागढ़ बाबा के महादेव मेला भूराभगत , पचमढ़ी देश प्रदेश में अलग स्थान रखता है। महादेव जी को त्रिशूल अर्पित करने की परम्परा वर्षों से चली आ रही हैं । उसी कड़ी में अपने त्रिशूल का अलग विशेष स्थान रखने वाली संस्था जो कि 55 वर्षों से अधिक समय से त्रिशूल श्री चौरागढ़ पंच कमेटी , श्री बड़ी माता , श्री राम मंदिर छोटी बाजार छिंदवाड़ा के द्वारा त्रिशूल भेंट किया जा रहा है। जिसमें संस्था के वरिष्ठ संरक्षक श्री सतीश दुबे लाला जी ने बताया समिति के द्वारा पीतल तांबा, जस्ता , निकल , चांदी , सोने एवम् स्टील का त्रिशूल अर्पित किए जा चुके हैं। इसी परंपरा में अभी वर्तमान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 151 किलो स्टेशनेल स्टील का त्रिशूल बाबा महादेव को अर्पित किया जा रहा हैं। जिसमें समिति के भक्तगण मिल कर यह त्रिशूल को महादेव की दुर्गम पहाड़ियों को ले कर चढ़ाते हैं। महादेव को अर्पित करने के पश्चात यह त्रिशूल बारह ज्योतिर्लिंगों की कड़ियों को जोड़ चुका है। जिसमें प्रतिवर्ष के त्रिशूल 2013 से भेंट करते आ रहा है। जिसमें 2013 महाकालेश्वर , 2014 ओंकारेश्वर , 2015 त्रंबकेश्वर , 2016 सोमनाथ , 2017 नागेश्वर , 2018 केदारनाथ , 2019 रामेश्वरम , 2020 मल्लिकार्जुन , 2021 काशी विश्वनाथ , 2022 बाबा वैद्यनाथ , 2023 घृष्णेश्वर , 2024 भीमाशंकर ज्योतिर्लिंगों में त्रिशूल भेंट कर संकल्प पूर्ण कर चुका है। जो कि छिंदवाड़ा जिले के भक्तगणों को ज्योतिर्लिंग में दर्शन दे कर अपने पन होने का गौरांवित होने का एहसास महसूस करवाता हैं। हमारे त्रिशूलों कि यह श्रृंखला में इस वर्ष 2025 का यह त्रिशूल नेपाल के पशुपतिनाथ ज्योतिर्लिंग में अर्पित किया जाएगा। जिसमें महादेव त्रिशूल यात्रा 22 फरवरी को दोपहर 12 बजे गाजे बाजे डीजे की धुन में विशाल जुलूस के माध्यम से बस स्टैंड ले जाया जाएगा। वह से समस्त भक्तगण बस के माध्यम से भूराभगत से चौरागढ़ महादेव की त्रिशूल यात्रा अपने कंधों में ले कर आरंभ करेंगे। समिति ने समस्त भक्तगणों को इस त्रिशूल यात्रा सम्मिलित होने का आवाहन किया हैं।

चोट लगने के बाद भी करवाते रहे काम, नेहरिया भूमिगत कोयला खदान का है मामला

एडवांस शिफ्ट में काम कर रहा मजदूर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

पेंच कोयला क्षेत्र की नेहरिया भूमिगत कोयला खदान में कार्यरत एक ठेका मजदूर घायल हो गया । जिससे चोट लगने के बाद भी काम कराया गया । मजदूर को घायल होने के ढाई घंटे बाद खदान से बाहर निकाला गया । इस घटना से प्रबंधन की मनमानी , अमानवीय व्यवहार उजागर हुआ है ।

वहीं खदान में काम कर रहे मजदूरों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं । खदान प्रबंधक द्वारा यहां एडवांस शिफ्ट चलाई जा रही है ।मिली जानकारी के अनुसार माथनी निवासी 35 वर्षीय अर्जुन पिता भंगीलाल कवरेती नेहरिया भूमिगत कोयला खदान में ठेका मजदूर के रूप में कार्य करता है । बुधवार को दोपहर 3 बजे प्रबंधक के द्वारा एडवांस शिफ्ट चलाई गई । जिसमें मजदूर अर्जुन खदान के 35 वें लेबल 15 वीं डिप के नार्थ क्षेत्र में काम कर रहा था , इस दौरान लगभग 4 बजे उसे पैर , हाथ और कमर में गंभीर चोट लगी । कायदे से चोट लगने के तुरंत बाद मजदूर को खदान से बाहर लाकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा जाना चाहिए था , लेकिन ऐसा नहीं किया गया ।

सूत्रों से जो जानकारी मिली उसके अनुसार घायल मजदूर बसे चोट लगने के बाद भी काम कराया गया । शाम 6 : 30 बजे उसे खदान से बाहर लाया गया । इस घटना को प्रबंधक के द्वारा छुपाने का पूरा प्रयास किया गया । खदान प्रबंधन की ये लापरवाही कोई नई बात नहीं है । पहले भी इस खदान में प्रबंधन की लापरवाही के चलते एक मजदूर की उंगली कटी थी । पर क्या फर्क पड़ता है , अमूमन यही माना जाता है , कि कोयला खदानों में काम करना जोखिम भरा होता ही है यदि घटना ठेका मजदूर के साथ हुई हो तो जाने दो । बहर हाल मजदूर का केन्द्रीय चिकित्सालय बड़कुही में इलाज जारी है ।

मनमानी पर उतर आया प्रबंधन

बीते कुछ समय से देखने में आ रहा है , कि वेकोलि प्रबंधन मनमानी पर उतर आया है । उत्पादन की सनक कहें या फिर आला अधिकारियों को खूश करने की धुन में प्रबंधन नियमों , मजदूरों की सुरक्षा , सामाजिक सरोकार को दरकिनार कर काम करते दिख रहा है । मजदूरों की मिन्नते , यूनियन लीडरों की आवाज , उनके सुझाव आदि को भी प्रबंधन ने ताक में रख दिया लग रहा है । परिणाम स्वरूप मजदूरों के घायल होने , खदानों के बंद होने आदि की स्थिति बन रही है । बीते दिनों माथनी कोयला खदान में एक मजदूर का पैर कट गया , अब खदान भी बंद हो गई है । यहां शशिकांत साहू प्रबंधक हैं , नेहरिया में प्रशांत कुमार साहू प्रबंधक है और उप क्षेत्रीय प्रबंधक आरडी गिल है । श्रमिक संगठन माथनी खदान को चालू रखने आंदोलनरत हैं , वहीं प्रबंधन मजदूरों का ट्रांसफर करने में लगा हुआ है ।

224 अभ्यर्थियों का कंपनी द्वारा किया गया चयन

शासकीय ग्रीन आईटीआई में युवा संगम रोजगार मेले का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शासकीय ग्रीन आईटीआई छिंदवाड़ा में आज युवा संगम मेला कार्यक्रम का आयोजन नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर श्री विक्रम अहके के मुख्य आतिथ्य एवं कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, श्रीमती शोभना संतोष राय, वार्ड पार्षद, आईएमसी सदस्य एवं जिला नोडल प्राचार्य श्री सी.बी.उइके, सुश्री जिला रोजगार अधिकारी माधुरी भलावी व जिले की अन्य शासकीय आईटीआई के प्राचार्यों की गरीमामयी उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में 18 कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित हुये। प्लेसमेंट एवं अप्रेंटिस के लिए कुल 600 अभ्यर्थियों द्वारा पंजीयन कराया गया, जिसमें से 224 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन कंपनी द्वारा किया गया।

अंतव्यवसायी योजना के अंतर्गत 02 हितग्राहियों को स्वीकृत लोन के चैक मुख्य अतिथि नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर श्री अहके एवं कलेक्टर श्री सिंह द्वारा वितरित किये गये तथा जिन प्रतिष्ठानों द्वारा अधिक से अधिक बच्चों को प्लेसमेंट, अप्रेंटिस एवं सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत संलग्न किया है, उनके प्रतिनिधियों को मोमेंटो देकर मुख्य अतिथि नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर श्री अहके एवं कलेक्टर श्री सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही कंपनी द्वारा चयनित 15 अभ्यर्थियों को हिंदुस्तान यूनीलिवर, एनआईआईटी के द्वारा ऑफर लेटर प्रदान किये गये।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर श्री अहके एवं कलेक्टर श्री सिंह द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को अपना स्किल बढ़ाने के लिये पूरी मेहनत व लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं अपना लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया गया। शासकीय ग्रीन आईटीआई के नोडल प्राचार्य श्री सी.बी.उइके द्वारा जिले में संचालित नियमित व्यवसाय व योजना के संबंध में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार एवं स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर होने के लिये प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम समाप्ति पर प्रशिक्षण अधिकारी कैप्टन श्री स्वामीप्रसाद सूर्यवंशी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

नगर पालिका में 7 मार्च को होंगे विवाह सम्मेलन

जुन्नारदेव : मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ उठाने नगर पालिका अध्यक्ष ने की अपील जुन्नारदेव मध्य प्रदेश सरकार द्वारा घोषित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना एवं निकाह के अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन आगामी 7 मार्च को होना तय हुआ है ।नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन ने इस योजना से अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो नगर के नागरिकों से विनम्र अपील की है ।जो भी व्यक्ति सामूहिक विवाह में विवाह करना चाहते हैं वह नगर पालिका कार्यालय समय पर विवाह योजना के फॉर्म जमा कर सकते हैं। कार्यालय में योजना संबंधित विभाग के अधिकृत कर्मचारियों के पास जाकर 28 फरवरी तक तक सामूहिक विवाह योजना के फॉर्म जमा कर सकते हैं ।इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए समीप की आंगनबाड़ियों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से भी संपर्क कर सकते हैं।नगर के नागरिकों से विनम्र अपील है कि इस महत्वपूर्ण योजना का अधिक से अधिक लोग लाभ उठाएं।

कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

वार्ड नं. 47 स्थित सिद्धिविनायक रेसीडेंसी में समिति की ओर से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आगाज गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ पूर्ण धार्मिक विधि-विधान के साथ हुआ। कलश यात्रा श्री शिव मंदिर से शुरू हुई। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में महिला श्रद्धालु पीत वस्त्र पहन कर व सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई। यात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई कथा स्थल पहुंची दोपहर बाद श्रीमद् भागवत कथा का आगाज हुआ। प्रतिदिन दो. 2 से शाम 5 बजे तक कथा, एवं 26 फरवरी को शिव परिवार स्थापना, पूर्ण आहुति,महाप्रसाद वितरण के साथ समापन होगा।

गजानन महाराज प्रकटोत्सव पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

हजारों भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया, पालकी यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

संत गजानन गुणगान मंडल विवेकानंद कालोनी द्वारा प्रतिवर्षानुसार शेगाँववासी संत श्री गजानन महाराज का प्रकटोत्सव भव्य एवं दिव्य रूप से आयोजित किया गया। आनंद बक्षी, संजय औरंगाबादकर, सुधीर सांईखेडकर ने बताया कि, प्रकटोत्सव के आरंभ में सभी देवी देवताओं का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक, मुकुंदराव पौनीकर, सरला रजनीकांत वाजपेयी, गीता किशोर तातेकर, श्रुति प्रशांत सांइखेडकर, अमृता विजय जोशी ने संपन्न किया। आचार्य पंडित किशोर तातेकार द्वारा अभिषेक पूजन किया गया । विवेकानंद महिला मंडल द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति रजय औलिया गजानना, नरदेह धारी नारायणाह प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह, शिव मालवी, संतोष राय, राहुल मालवी, सरिता चिंटू काले तथा अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

महाप्रसाद भण्डारे में हजारों भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। गजानन महाराज के प्रिय भोजन बेसन भाकर को प्राप्त करने के लिए भक्तों का सैलाब उमह पडा। श्री रेणुका महिला मंडल एवं संचार कालोनी महिला मंडल द्वारा महाप्रसाद में विशेष सहयोग किया गया ।

संत गजानन महाराज की पालकी विवेकानंद कालोनी के विभिन्न मार्गों से होती हुई संत भेंट हेतु श्री शिर्डी सांई मंदिर तक निकाली गई, पालकी के स्वागत हेतु रांगोली, स्वागत द्वार, भजन कीर्तन, आरती से भक्तजनों ने शोभायात्रा के मार्ग को सराबोर कर दिया। संत गजानन गुणगान मंडल के श्याम माहोरे, वर्षा पाठक, विजया भोंगे, रितु मूले, मोना कस्तूरे, कृष्णा मंगरूलकर, प्रदीप मूले, संदेश सोनी, संदीप फिरके, संजय चिंचोले, अविनाश पुरोहित, सारंग बक्षी, स्मृति मगरे, तृप्ति नाफडे तथा सभी गजानन भक्तों ने सभी के द्वारा दिये गये सहयोग के प्रति आभार प्रकट किया है।

तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन के द्वितीय दिवस हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

दमुआ। दमुआ में वार्षिक स्नेह के द्वितीय दिवस विभिन्न प्रतियोगिताएं क्रमशः निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद, भाषण, प्रश्न मंच, पाक कला, पोस्टर निर्माण, मेंहदी, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।शासकीय महाविद्यालय दमुआ वार्षिक स्नेह सम्मेलन प्रभारी प्रभारी राजकुमार कुशवाह एवं महाविद्यालयीन स्टाफ डॉ राजेश कुमार लोखंडे डॉ उषा तिवारी डॉ सरिता पाल, सुषमा टांडेकर डॉ दिलीप ढोबाले डॉ विमल कुमार कौशले जितेन्द्र दिवाकर घनश्याम मालवीय, दिनेश इबनाती, वैभव पाटिल, कंचन चंद्रवंशी, महेश भारती, मोरेश्वर कराड़े, संदीप चंदेल, रामराज टांडेकर,ढोंढू टेकाम, सुकमन भारती उक्त कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

एसडीएम ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, परखी शैक्षणिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय का एसडीएम प्रभात मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता देखी। साथ ही बच्चों को पूरी तरह से निपुण करने के आदेश दिए। उन्होंने निरीक्षण कर बच्चों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण में मध्याह्न भोजन रजिस्टर, कक्षावार बच्चों की उपस्थिति पंजिका व निपुण लक्ष्य की लिस्ट को चेक किया गया।

निरीक्षण में बच्चों की उपस्थिति पंजिका के अनुसार बच्चों की उपस्थित पाए गए। कम उपस्थिति के सम्बन्ध मे शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए निर्देश दिए। अनुविभागीय अधिकारी ने निपुण बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए शत-प्रतिशत बच्चों को निपुण बनाने के निर्देश दिए। विकास खंड शिक्षा अधिकारी को यह निर्देश दिए गए कि जो बच्चे निपुण हो गए हैं उनकी रेंडम चेकिंग भी की जाए।अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ने प्रधानाध्यापक से स्कूलों में अध्यापकों की उपस्थिति पूछी, बताया गया कि यहां किस एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों को पढ़ाया जा रहा है के बारे में जानकारी ली। चौरई ब्लाक के सी एम राईस प्राथमिक विद्यालय कैम्पस(2)का निरीक्षण किया गया। मौके पर समस्त स्टाफ उपस्थित पाए गए। मध्याह्न भोजन मीनू के अनुसार बना हुआ था। निरीक्षण के समय पंजीकृत बच्चें विद्यालय उपस्थित पाए गए । इसके अलावा शौचालय पानी आदि व्यवस्था को भी देखा। निरीक्षण के दौरान स्कूल स्टॉफ मौजूद रहे।

विद्यासागर महामुनिराज जी साक्षात भगवान थे - विवेक पटेल

सुप्रसिद्ध भजन गायक अवशेष जैन ने गाए एक से बढक़र एक भजन

आचार्य विद्यासागर महामुनिराज को सर्वसमाज के दी विनयांजलि

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

परम पूज्य संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज की समतापूर्वक समाधि के एक वर्ष पूर्ण होने के बाद सोमवार को सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पण करने हेतु विनयांजलि व भजन संध्या का आयोजन वर्धमान परिसर जैन मोहल्ले में किया गया। जहां आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महामुनिराज के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर सभी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। इसके उपरांत समाज के नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा आचार्य श्री के गुणानुवाद द्वारा गुरुवर के अनंत उपकारों को याद करते हुए आचार्य जी को भागवत भावांजलि दी गई। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक अवशेष जैन जबलपुर द्वारा महामुनि विद्यासागर जी महाराज के व्यक्तित्व पर एक से बढक़र भजन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस मौके पर श्री जैन का दिगम्बर जैन समाज की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने आचार्य विद्यासागर महामुनिराज को विनयांजलि देते हुए कहा कि गुरु जी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी शिक्षाएं है। गुरुजी द्वारा खोली गई सैकड़ों गौशाला से जीव दया का कार्य हो रहा हैं। गुरुजी ने इंडिया नहीं भारत का मंत्र दिया। पूर्णयु से प्राचीन आयुर्वेदिक अहिंसक चिकित्सा पद्धति का प्रचार भी किया। आचार्य द्वारा खोली गई प्रतिभा स्थली के माध्यम से धर्म के संस्कार देते हुए लौकिक शिक्षा दी जा रही है, ताकि जब संस्कारित बालिका किसी परिवार में ब्याह कर जायेगी, तो परिवार को और समाज को संस्कारित करे, ऐसी शिक्षा दी, जैसे गाँधी जी ने चरखे से आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

'सायबर अपराध एवं मल्टीमिडिया'' थीम पर राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत के निर्देशन में शिविर के द्वितीय दिवस गुरुवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुनील चतुर्वेदी थाना प्रभारी लालबर्रा द्वारा अपने व्याख्यान में एटीएम कार्ड व ओटीपी से संबंधित धोखाधडी के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही ऑनलाईन पेमेंट और ऑनलाईन शॉपिंग में सूझबूझ से काम लेने की सलाह दी गई। शिविर के दौरान विभिन्न दलों द्वारा गीत व भाषण की प्रस्तुति दी गई। जिसमें सावित्री बाई फूले दल से अंजली बाहेश्वर ने गीत एवं स्वाति दमाहे ने भाषण की प्रस्तुति दी। वहीं रानी लक्ष्मीबाई दल से आदित्य मर्सकोले, लुखमनी यादव ने भाषण एवं सोनम पन्द्रे ने गीत की प्रस्तुति एवं महाराणा प्रताप दल से दीक्षा कटरे के द्वारा गीत और पलक सूर्यवंषी ने भाषण की प्रस्तुति दी। छत्रपति शिवाजी दल से अंजली कल्याणी के द्वारा भाषण एवं मितेश शिववंषी द्वारा गीत की प्रस्तुति दी गई। शिविर में ग्राम पंचायत बेलगांव के सरपंच डॉ. अरविन्द पंचेष्वर ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित किया।

बढ़ते अपराधों पर कैसे लगाम लगा पायेगा पुलिस प्रशासन?

पुलिस बल की कमी से जूझ रहा वारासिवनी थाना

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

पुलिस थाना वारासिवनी इन दिनों पुलिस बल की कमी से जूझ रहा हैं। थाना क्षेत्र में जनसंख्या की वृद्धि के साथ-साथ अपराधों का ग्राफ भी तेजी से बढ़ता जा रहा हैं। कुछ दिनों पूर्व बालाघाट जिले के एस पी नागेंद्र सिंह द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण इधर से उधर किया गया था। जिसमें वारासिवनी थाना से लगभग एक दर्जन पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण हुआ था। जिसके बाद वारासिवनी पुलिसथाने में पुलिस कर्मियों की कमी हो गई है।

लगभग 40 पुलिस कर्मियों के भरोसे 76 गाँव : वारासिवनी पुलिस थाने में 2 एस आई, 6 ए एस आई, 8 प्रधान आरक्षक, 21 महिला एवं पुरुष आरक्षक, पुलिस कर्मी ही मौजूद हैं। जिसमें से दर्जनों पुलिस कर्मी कभी जबलपुर कोर्ट व वारासिवनी कोर्ट के कामों में रोजाना व्यस्त रहते हैं। अगर ऐसे में थाना क्षेत्र में कोई बड़ी घटना घटित हो जाये, तो बालाघाट व आसपास के थानों से पुलिस बल बुलाना पड़ता हैं। ऐसे में वारासिवनी पुलिस थाने में पुलिस बल कम होने के बावजूद नवागत थाना प्रभारी हेमंत नायक शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते अपराधों को कैसे रोक पाते हैं? यह तो आने वाला समय ही बता पायेगा। वारासिवनी थाना क्षेत्र की जनसंख्या लगभग एक लाख से सवा लाख के बीच में है।

एस पी को बल की कमी से कराया गया अवगत- हेमंत नायक

अभी मौजूदा समय में एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक, आरक्षक, पुलिस कर्मी लगभग 40 है, कुछ दिनों पूर्व कुछ पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण हुआ हैं, जिससे और कमी हुई हैं। हमारे द्वारा एस पी महोदय को बल की कमी से अवगत करा दिया गया हैं।

बालाजी आईटीआई लांजी में संविधान ज्ञान परीक्षा का आयोजन, परिणाम किया गया घोषित

हरिभूमि न्यूज लांजी। संविधान की हीरक जंयती के उपलक्ष मे बालाजी आईटीआई लाजी में सविधान ज्ञान परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमे संविधान के बारे में जानकारी के लिए 20 प्रश्न का एग्जाम पेपर के माध्यम से परीक्षण किया । जिसमें बालाजी आईटीआई लांजी के 34 छात्र छात्राएं उपस्थित हुये। उक्त परीक्षा में जिन छात्र - छात्राओ ने स्थान प्राप्त किया उनका 20 फरवरी गुरुवार को इस परीक्षा के आयोजक पी.डी. भालाधरे ने परीक्षा के परिणाम को घोषित किया । जिसमें सभी स्थान प्राप्त करने वाले छात्र - छात्राओ को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान के साथ 4 छात्रों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया गया । जिसमे प्रथम स्थान भवेश नेवारे मनेरी, द्वितीय स्थान जितेंद्र मातरे एवं तृतीय स्थान राजाराम राउत ने प्राप्त किया इसके साथ ही नितेश आसाराम कलपुरे, ओमप्रकाश पांचे, संजय पालेवर, पवन बड़गैया इन चार छात्रो ने भी स्थान प्राप्त किया जिन्हें सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। सभी छात्रों को शील्ड प्रदान की गई । इस परीक्षा से छात्र- छात्राएं में आने वाले समय में संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, जिससे वे अपने अधिकार की लड़ाई लड़ने में सक्षम होगे । इस परीक्षा में बालाजी आईटीआई के नागेंद्र रामटेक्कर, राकेश रामटेक्कर, संदीप सहारे, राम भौंडेकर, प्रदीप भटेरे, निशा चोखाद्रे , विजय मातरे , करुणा देशमुख , विजय धारणे सभी स्टाफ उपस्थिति रहे ।

तिथि में संशोधन होने से आक्रोशित दिखाई दे रहे जनपद सदस्य और सरपंच

आज होने वाले सामूहिक विवाह समारोह का जनपद सदस्य करेंगे बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज कटंगी। जनपद पंचायत कटंगी के ग्राम खजरी में होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह की तिथि में संशोधन होने से नाराज जनपद पंचायत सदस्यों ने सामूहिक विवाह समारोह के बहिष्कार का निर्णय लिया गया है. यह सभी इस समारोह में शामिल नहीं होने की बात कह रहे है. यह निर्णय बुधवार को जनपद पंचायत में उपाध्यक्ष के कमरे में एक बैठक के बाद जनपद उपाध्यक्ष भानुसिंह पटले और जनपद सदस्य चमन डोंगरवार, नागेन्द्र चौहान सहित अन्य सदस्यों ने मिलकर लिया है. सामूहिक विवाह की तिथि में संशोधन होने से यह जनपद सदस्य गण बहुत नाराज है वहीं ग्राम पंचायतों के सरपंचों में भी भयंकर आक्रोश देखने को मिल रहा है. इन जनप्रतिनिधियों के इसके अलावा ग्रामीण अंचलों में इस योजना के लाभार्थियों में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है. दरअसल, सामूहिक विवाह समारोह के लाभार्थियों ने 23 फरवरी को सामूहिक विवाह की तैयारी के चलते 24 फरवरी को अपने घर पर आशीर्वाद समारोह की तैयारी की है जिसके चलते बकायदा उन्होंने आशीर्वाद समारोह के कार्ड अपने नाते-रिश्तेदारों और गांव में वितरित कर दिए है. मगर, अब अचानक से कलेक्टर ने सामूहिक विवाह की तिथि में संशोधन कर 21 फरवरी को सामूहिक विवाह समारोह संपन्न करवाने के आदेश सीईओ को दिए है. जिससे यह स्थिति निर्मित हो रही है।

आपको बता दें जनपद पंचायत कटंगी में एक बैठक के दौरान विधायक गौरव सिंह पारधी की मौजूदगी में उनकी सहमति पर 23 फरवरी को खजरी में सामूहिक विवाह कार्यक्रम तय किया गया था लेकिन अब अचानक से बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा ने 23 फरवरी को जिला मुख्यालय में दिव्यांग और वृद्धजनों को उपकरण प्रदान करने के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम तय कर दिया. वहीं उन्होंने कटंगी सीईओ को विवाह की तिथि में संशोधन करने का आदेश देते हुए 21 फरवरी को सामूहिक विवाह संपन्न कराने के लिए कहा है. जिससे अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया है हालांकि अब तक कलेक्टर ने अधिकारिक तौर पर 21 फरवरी को सामूहिक विवाह समारोह के आयोजन के निर्देश जारी नहीं किए है. मगर, जनपद पंचायत कटंगी सीईओ दिनेश कर्पे ने कुछ चुनिंदा ग्राम पंचायतों के सचिवों को एक ज्ञापन जारी कर सामूहिक विवाह समारोह में पानी टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा है. जैसे ही यह ज्ञापन जनप्रतिनिधियों के सामने आया उनकी तरफ से तिथि में संशोधन को लेकर विरोध शुरू कर दिया गया. जनपद पंचायत कटंगी के जनपद सदस्यों ने इसे अपना अपमान और प्रशासनिक अधिकारियों की मनमानी बताई है. ज्ञात रहे कि सामूहिक विवाह समारोह के लिए टेंट और भोजन सहित अन्य सामग्रियों के लिए टेंडर प्रक्रिया 18 फरवरी को पूरी हुई है 20 फरवरी को टेंडर खोले गए. ऐसे में एक ही दिन में इतने वृहद आयोजन की तैयारी हो पाना संभव नहीं लगता. कटंगी में कुल 630 जोड़ो का विवाह होना है ऐसे में इस आयोजन में कितनी व्यापक तैयारी करनी होगी. इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है और एक दिन में सभी तैयारियां ठीक से हो जाए यह संभव नहीं है।

जनहित में उठी मांग : महकेपार के बंद बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय को शुरू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज कटंगी। तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के पठार अंचल की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत महकेपार में करीब 20 वर्षों से बंद बस स्टेण्ड और यात्री प्रतीक्षालय को जनहित में पुनः शुरू कराने की मांग उठ रही है. गुरूवार की शाम करीब साढ़े 04 बजे स्थानीय ग्रामीणों ने बंद बस स्टेण्ड, यात्री प्रतीक्षालय के समक्ष एकत्रित होकर बताया कि इस सुविधा के अभाव में उन्हें सार्वजनिक परिवहन तक आसानी से पहुंचने में कठिनाई हो रही है. ग्रामीणों ने बताया कि गत दिवस 10 फरवरी को इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत में एक ज्ञापन सौंपा है. वहीं 12 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कार्यालय, कटंगी जनपद पंचायत कार्यालय को भी पत्र व्यवहार कर इस जनहित के मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करने की मांग रखी है. इस दौरान संजय सेंदरे, रमन उईके, भोजराज फुले, बाबूराव सेंदरे, प्रभुदास वाघमारे, बसंत हटवार, सुधीर पंचभाई, राहुल मेश्राम, भूमेश्वरी, अनिता, शिवदास, अजय पंचभाई, कार्तिक सेंदरे, नितेश धुर्वे, आशा मड़ाये, हर्षणा उके, मानसी, प्रतिज्ञा, रूपचंद सेंदरे, पूजा नान्हे, सुखचंद, निरंजन चौधरी, हंसराज मेश्राम, अशोक पंचभाई, तुलसीराम उइके, शान्ति खोबरागड़े, रमेश, जीवनलाल, अर्पण राउत, सुभाष, शोभा, तरासन, अजय, टीकाराम सोनवाने, गिरजा बाई सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

पीएमश्री माध्यमिक शाला बोथिया में सिकल सेल एवं स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज । केवलारी। विकासखंड क्षेत्र में इन दिनों बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण किये जा रहे हैं जिससे यह पता लगाया जा सके कि बच्चों के स्वास्थ्य में कौन सी बीमारी के लक्षण पाये जा रहे हैं। सिविल अस्पताल केवलारी के खंड चिकित्सक अधिकारी के निर्देष पर पीएमश्री माध्यमिक षाला बोथिया में छात्रों की सिकल सेल की जाँच एवं स्वास्थ्य परीक्षण का षिविर आयोजित किया गया जिसमें डॉ. स्वप्निल ककोरिया दंत चिकित्सक, डॉ. आषीश अतरौलिया एएमओ, डॉ.अंकिता राय एएमओ, श्री एस.आर.राहंगडाले नेत्र चिकित्सक सहायक, श्रीमति प्रियंका बघेल एएनएम, आनंद श्रीवास आर.बी. केवलारी, चन्द्रकांत डेहरिया एलडी केवलारी द्वारा आयोजित षिविर में बच्चों की जाँच की गई।

अनियंत्रित होकर फिसली बाइक एक घायल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। भीलवाटोला और ईश्वरपुर के बीच सुबह एक सडक़ हादसा हुआ। सीहोर से घंसौर जा रहे बाइक सवार की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में सीहोर निवासी 27 वर्षीय सुनील मरावी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत घंसौर पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जबलपुर रेफर कर दिया। घंसौर थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी ने बताया कि पुलिस घटना की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को बार-बार सावधानी से वाहन चलाने की अपील की जाती है, लेकिन लापरवाही के कारण हादसे हो रहे हैं।

हथनापुर में श्रीमद् भागवत महापुराण 22 से

हरिभूमि न्यूज सिवनी। ग्राम हथनापुर में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 22 फरवरी से आयोजित है। भागवत महापुराण का वाचन आचार्य हितेन्द्र पाण्डेय काशी वाले करेंगे। आयोजक बलराम-सुषमा सनोडिया ने बताया कि कथा के प्रथम दिन 22 फरवरी को स्थापना कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ होगी। 23 को कर्दप,कपिल एवं सती उपा यान, 24 को समुद्र मंथन, प्रहलाद एवं अजामिल प्रसंग, 25 को श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 26 को माखन चोरी, गोवर्धन पूजा, 27 को महारास एवं रूकमणी विवाह की कथा, 28 को स्यमंतक मणि व सुदामा चरित्र की कथा सुनाई जाएगी। 1 मार्च को हवन पूर्णाहूति, विसर्जन,भण्डारा महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। कथा का लाइव प्रसारण आचार्य हितेन्द्र पाण्डे के यू ट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। आयोजनकर्ता शिवकुमारी सनोडिया, राजकुमार-सविता सनोडिया, दीपक,अंकित, सौरभ सनोडिया ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत महापुराण का श्रवण कर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

छोटे अतिक्रमणकारी ने स्वत: हटाया अतिक्रमण, धन्ना सेठों के जस की तस

नगर में कभी भी हो सकती अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

खैरीटेक से नगझर तक के मध्य नगर से होकर गुजरने वाले फोरलेन को व्यवस्थित और आम नागरिकों के लिए सुलभ बनाने प्रशासन और नगर पालिका एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। वहीं राजस्व अधिकारियों द्वारा नजूल की भूमि की नाप-जोख में चिंहित किए गए 272 कच्चे पक्के अतिक्रमणकारियों को नगर पालिका ने नोटिस बांट दिए हैं। अतिक्रमण हटाने के लिए दुकानदारों को दिया गया सात दिनों का समय भी समाप्त होने लगा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

नगर के मध्य स्थित अतिक्रमणकारियों के द्वारा छिंदवाड़ा चौक, मंगलीपेठ, शंकर मडिया के पास कच्चे चांस बल्ली से बने टपरे, स्थाई ठेला-ठिलियां, टिन शेड सहित अन्य अतिक्रमण को लोग स्वतः हटाने लगे हैं। इस बीच बस स्टैंड से ज्यारत नाका तक कच्चे पक्के अतिक्रमण करने वाले 103 अतिक्रमणकारियों की नई सूची राजस्व अधिकारियों ने नगर पालिका को सौंप दी है, जिनों नपा का अमला नोटिस वितरित कर रहा है। जानकारी के अनुसार राजस्व और नगर पालिका का संयुक्त दल कभी भी सडक़ का अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने मैदान में उतर सकता है।

निर्माण रूकने से हो रही परेशानी

फोरलेन सडक़ और नाली का निर्माण कार्य एक पखवाड़ा से रूका होने के कारण किनारे निवासरत लोगों व दुकानदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि पूर्व में भी इन कब्जों को चिन्हित किया गया था लेकिन हर बार कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली जाती हैं।

आम लोगों की चलने वाली सडक़ पर अवैध कब्जा होने के कारण यातायात बाधित होने के साथ आए दिन सडक़ पर जाम लगता है। वहीं बाजार पहुंचने वाले व्यापारियों व ग्राहक का दुकान के सामने बाइक खड़ा करना भी मुश्किल हो जाता है वर्षों से बनी इस समस्या का निराकरण करने की मांग आमजनों द्वारा लगातार की जा रही है।

शासकीय भूमि पर 375 अतिक्रमणकारी

एक सप्ताह तक चले नाप-जौख में 375 अतिक्रमण नजूल (शासकीय भूमि) पर पाए गए हैं। सडक़ मद की जमीन पर व्यापार कर रहे कुछ लोगों ने नोटिस मिलने पर अपनी दुकानों का हटाना शुरू कर दिया है। जबकि कुड़ा अब भी सडक़ तक दुकान का समान फैलाकर व्यापार करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ज्यारत नाका से सर्किट हाउस, गांधी चौक, बस स्टैंड, नगर पालिका चौक, शंकर मडिया, मंगलीपेठ, छिंदवाड़ा चौक तक अब भी अतिक्रमण साफ नजर आ रहा है। सडक़ के अधिकांश हिस्से पर हाथ ठेला ठिलियों का कब्जा है।

सडक़ को लेकर लोगों में दुविधा

हालाकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि नगरीय सीमा क्षेत्र में फोरलेन सडक़ कितनी चौड़ी बनेगी। एमपीआरडीसी के अधिकारियों की माने तो पुरानी माडल सडक़ की चौड़ाई अनुसार डामरीकरण के बाद दो से ढाई मीटर चौड़ा फुटपाथ पेवर ब्लाक लगाकर बनाया जाना प्रस्तावित है। नगरवासियों में इस बात को लेकर दुविधा बनी हुई है कि नगर की माडल सडक़ कहीं 21 मीटर, तो कहीं 25 मोटर और कुछ स्थानों में 30 मीटर तक चौड़ी है। ऐसे में नगरीय क्षेत्र में नई फोरलेन सडक़ कितनी चौड़ी होगी, जिससे सडक़ में होने वाली अवैध पार्किंग तथा ठेला तिलिया के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। सीलादेही से खैरीटेक तक निर्माणाधीन फोरलेन में छिंदवाड़ा चौक से ज्यारत नाका तक व्यवस्थित व पर्याप्त चौड़ी माडल सडक़ का निर्माण करने पूरी सडक़ का नापकर अतिक्रमण चिंहित कर दिए गए हैं। वहीं 50 से अधिक पक्के अतिक्रण भी सडक़ में पाए गए हैं।

मत्स्य और सहकारिता विभाग, भटका रहे आवेदन कर्ता को

परेशान हो रहा आवेदन कर्ता

हरिभूमि न्यूज सिवनी। अपने आवेदन को देने के लिए राजकुमार धनौरा तहसील के गोरखपुर से जिला मुख्यालय शिवानी आता है लेकिन उसके आवेदन को विभाग के द्वारा नहीं लिया जाता है राजकुमार ने बताया कि मछुआ सहकारी समिति ग्राम गोरखपुर विकासखंड धनौरा जिला सिवनी पंजीयन क्रमांक 651 दिनांक 18 5 1994 को गठित हुई है जिसको निरस्त करने के लिए ग्राम सभा सदस्यों की बैठक हुई थी उस बैठक में सर्वसम्मति से इस समिति को भंग करने का प्रस्ताव पारित हुआ था जिसका लिखित आदेश राजकुमार के पास उपलब्ध है आवेदन करता का कहना है कि आज दिनांक तक इस समिति को भंग नहीं किया गया है इसी विषय को लेकर जब वह सहकारिता विभाग शिवनी को जाता है तो विभाग के आधिकारिक कर्मचारियों के द्वारा उसे वापस मत्स्य विभाग शिवनी भेज दिया जाता है जब वह मत्स्य विभाग शिवनी जाता है तो उसे वहां से सहकारिता विभाग मैं जाने के लिए कह दिया जाता है। आवेदन करता ने यह भी बताया कि इस विषय की शिकायत 181 में भी की गई है जिसका लिखित आदेश यह है कि इस समिति को भंग किया जाए इतना हो जाने के बाद भी विभाग आखिर इस समिति को क्यों भंग नहीं कर रहा है यह समझ से परे है वही दोनों ही विभाग आवेदन करता के द्वारा आवेदन क्यों नहीं ले रहे हैं यह भी प्रश्न उठता है दोनों ही विभाग के द्वारा गोल मटोल बात करके राजकुमार को यहां से वहां भडक़ाया जा रहा है।

शांति धाम में बाउंड्री वॉल का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गनेशगंज ।

ग्राम पंचायत गणेशगंज के शांति धाम में लम्बे समय से बाउंड्री वॉल नहीं होने से सौन्दर्यकरण के काये नही हो पा रहे थे इस मामले में पंचायत ने गंभीरता देखते हुए पांचवें वित्त की राशि से बाउंड्री वॉल की स्वीकृति प्रदान की इस कार्य का भूमिपूजन जनपद सदस्य अजय सिंह ठाकुर सरपंच श्रीमती राजकुमारी सैयाम उपसरपंच बृजेश तिवारी द्वारा किया गया शुभमुहूर्त में पंडित इन्द्र कुमार तिवारी द्वारा विधि-विधान से पूजन करवाया गया इस अवसर पर जवाहर यादव सुरेश गुप्ता अफरोज कुरैशी तुलाराम प्रजापति मनोज यादव अनिल सल्लाम राजेश यादव राजेंद्र सैयाम विनोद अहिरवार अनिल अहिरवार छबिलाल कमलेशिया शिवप्रसाद सैयाम जफर अली सचिव शंकर यादव रामकिशोर सैयाम सहित अन्य ग्रामवासी शामिल रहे।

डॉक्टरों ने जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में काली पट्टी बांधकर काम किया

हरिभूमि न्यूज सिवनी। प्रदेश भर में शासकीय स्वशासी चिकित्सक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार 20 फरवरी से आंदोलन प्रारंभ कर दिए हैं। जिला अस्पताल सिवनी के डॉक्टरों ने आज काली पट्टी लगाकर मरीजों का उपचार किया। डॉ श्रीकृष्णा सूरोठिया ने बताया कि मांगे पूर्ण न होने पर 22 फरवरी को आधे घंटे कार्यस्थल के बाहर रहकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 24 फरवरी को सामूहिक उपवास कर 1 घंटे कार्यस्थल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 25 फरवरी से प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन किया जाएगा।

अपनी विभिन्न मांगों में डॉक्टरों ने बताया कि म.प्र. शासकीय स्वशासी चिकित्सक महासंघ लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, गृह विभाग एवं गैस राहत विभाग में कार्यरत 15,000 चिकित्सकों एवं जूनियर डॉक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता हैं। चिकित्सक महासंघ की कार्यकारिणी समिति की दिनांक 16.02.2025 को आयोजित बैठक में 07 घटक संगठनों के प्रदेश स्तर, संभाग स्तर एवं जिले स्तर के उपस्थित 150 पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से दि. 20.02.2025 से प्रदेशव्यापी आंदोलन को प्रारंभ किये जाने का निर्णय लिया हैं।

उक्त अनुक्रम में इस संस्था में कार्यरत शासकीय स्वशासी चिकित्सक महासंघ के सदस्यों की दिनांक 18.02.2025, मंगलवार को आयोजित पल्स जीवीएम सदस्यों की बैठक में सर्वसम्मति से चिकित्सक महासंघ की कार्यकारिणी समिति के निर्णय के अनुसरण में निम्न क्रमबद्ध आन्दोलन प्रारंभ किये जाने का निर्णय लिया गया हैं दिनांक 20 एवं 21 फरवरी को काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन ।

दिनांक 22 फरवरी को आधे घंटे कार्यस्थल के बाहर टोकन विरोध प्रदर्शन (इमरजेंसी सेवा चालू रहेगी। साथ ही चिन्हित अस्पतालों पर अमानक दवाइयों की सांकेतिक होली जलाई जाएगी।दिनांक 24 फरवरी को प्रदेशव्यापी रसामूहिक उपवास कर अन्न त्याग के साथ 01 घंटे अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन (इमरजेंसी सेवा चालू रहेगी) ।

दिनांक 25 फरवरी से प्रदेशव्यापी प्रशासनिक असहयोग आंदोलन । म.प्र. शासकीय-स्वशासी चिकित्सक महासंघ के चिकित्सकों के सम्मान से जुड़े निम्न मूलभूत विषयों के निराकरण किया जाना हैं। उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाना चिकित्सक महासंघ के चिकित्सकों के मूलभूत विषयों के समयबद्ध निराकरण तथा नीतिगत तकनीकी एवं चिकित्सकीय विषयों के निर्धारण में चिकित्सक महासंघ के पदाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों को सम्मिलित कर उच्च स्तरीय समिति का तत्काल गठन किया जाना।

चिकित्सकों एवं जूनियर डॉक्टर्स को कार्यक्षेत्र में सुरक्षा एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने हेतु सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित नेशनल टास्क फोर्स की सिफारिशों को तत्काल क्रियान्वित किया जाना। अनुरोध हैं कि इस ज्ञापन को आयुक्त महोदय एवं शासन स्तर पर प्रेषित कर चिकित्सक महासंघ के चिकित्सकों के लंबित विषयों का समयबद्ध निराकरण करने एवं दिनांक 20.02.2025 से क्रमबद्ध आन्दोलन के संबंध में अवगत कराने का कष्ट करे।

इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी संघ सिवनी के अध्यक्ष श्रीकृष्णा सूरोठिया, बीएमओ कुरई डॉ. रायकवार, बीएमओ छपारा तामसिंह इनवाती, बीएमओ धनौरा, रामजनम प्रसाद, बीएमओ घंसौर डॉ. सोनकेशरिया, बीएमओ केवलारी डॉ. एके लाकरा, डीएचओ मनीषा सिरसाम, डॉ. वंदना कमलेश, डॉ. जीपी भनारिया आदि मौजूद रहे।

कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षा 24 फरवरी से होगी प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षा दिनांक 24 फरवरी से प्रारंभ होगी। परीक्षा का समय दोपहर 02 बजे से 04:30 बजे तक कुल 02:30 घंटे रहेगा। जिले के 08 विकासखण्डों के 80 जनशिक्षा केन्द्रों में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के कक्षा 5वीं के 20527 विद्यार्थियों एवं कक्षा 8वीं के 22424 विद्यार्थियों कुल 42951 विद्यार्थियों के लिए 221 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये गये है। उन्होंने बताया कि समस्त बच्चों को जनशिक्षा केन्द्र स्तर एवं विकासखण्ड स्तर से त्रुटि रहित प्रवेश-पत्र उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। समस्त परीक्षा केन्द्रों में बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु बीआरसीसी तथा केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष को निर्देशित किया गया है। परीक्षा में छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने का दायित्व संबंधित संस्था प्रमुख जनशिक्षक, जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी एवं बीआरसीसी की होगी। परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम का गठन किया गया है। जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम प्रभारी सी. के. बिसेन, एपीसी अकादमिक मो.नं.-9424928750 एवं सतेन्द्र अवधिया मो.नं.-9425445749 जिला शिक्षा केन्द्र को नियुक्त किया गया है।

केवलारी विधानसभा क्षेत्र बिजली पानी को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं है- रजनीश सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

केवलारी विधानसभा क्षेत्र बिजली पानी को लेकर प्रशासन गंभीर नहीं है केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश सिंह लगातार अपने क्षेत्र के लोगों के लिए इस समस्या को उठा रहे हैं लेकिन संबंधितों के कान में जू तक नहीं रेंग रहा है।

यह वह समय है जब किसानों को बिजली पानी की सख्त आवश्यकता होती है समय पर बिजली पानी नहीं मिलने पर फसलें खराब हो सकती हैं जो किसान इस सीजन में धान लगाते हैं उन्हें परहा लगाने के लिए पानी की आवश्यकता पड़ती है केवलारी विधानसभा के छिन्दा क्षेत्र की ग्राम छिंदा डूंगरिया चंदन खेड़ा गुबरिया तिंदुआ बबरिया कोहका खुर्शीपार दीप माल्हानवाड़ा पुंगार केवलारी क्षेत्र के झगरा ढूटेरा अर्जुनझीर दूधिया पारसपानी पांजरा खापा जमुनापानी बगलई डोकरराजी मोहगांव सरेखा कुम्हड़ा झोला मलारी मुनगापार देवकरन टोला डोभ बोथिया में नहर से सिंचाई के लिए पानी की मांग अनेकों बार की जा चुकी है।

बिजली विभाग और सिंचाई विभाग में अधिकारी कर्मचारियों की कमी का रोना है सिंचाई विभाग के एसडीओ को उनकी कारगुजारी के कारण निलंबित तो कर दिया गया है उन्हें रिलीव नहीं किया गया ना ही उनके स्थान पर किसी दूसरे अधिकारी को भेजा गया है यही हाल बिजली विभाग का है क्षेत्र में बिजली आने जाने का कोई समय नहीं है कभी भी बिजली कटौती की जा रही है जिससे किसानों को तो समस्या हो रही है साथ ही यह परीक्षा का समय है अध्यनरत छात्र छात्राओं की पढ़ाई में रुकावट आ रही है क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रजनीश सिंह द्वारा इस संबंध में मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों से आवेदन निवेदन जहां तक की आंदोलन भी किया जा चुका है किसान एवं छात्र-छात्राओं को समस्या हल नहीं हो पा रही है इस मामले में शासन प्रशासन पूरी तरह निरंकुश हो गया है।

कत्लखाने जा रहे 36 गौवंश को तस्करों से करवाया मुक्त

हरिभूमि न्यूज सिवनी। थाना डूण्डासिवनी व्दारा पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के द्वारा अवैध गौ तस्करो के विरूध्द 7 अभियान व कार्यवाही हेतु जारी दिशा निर्देशो के पालन मे व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा एवं अनुविभागीय पुलिस अधीकारी श्रीमती पूजा पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी किशोर बामनकर के नेतृत्व मे विगत 18-19 फरवरी की दरमियानी रात थाना डूण्डासिवनी एवं बडोल पुलिस को जरिये मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक कंटेनर ट्रक क्रमांक एम.एच.40 एन 6113 व्दारा अवैध रूप से गौवंश का परिवहन किया जा रहा है थाना डूण्डासिवनी एवं बंडोल पुलिस व्दारा राजस्थानी ढाबा के सामने नगझर बायपास में चैकिंग लागकर कंटेनर ट्रक क्रमांक एम.एच.40 एन 6113 एवं कार क्रमांक एम.एच.31 सीएम 3166 को राजस्थानी ढाबा के सामने नगझर बायपास के सामने पकड़ा गया जिसकी तलाशी लेने पर 36 नग मवेशी (गौवंश) होना पाया गया। मौके की कार्यवाही करते हुये गौवंश को गौशाला में सुरक्षित करवाया तथा आरोपियों माजिद खान पिता राजिक खान 41 वर्ष निवासी ग्राम सालई थाना बरघाट, मंसूर पिता इमदाद खान 32 वर्ष निवासी ग्राम सालई थाना बरघाट, इनायत खान पिता जाबीर खान 41 वर्ष निवासी बाजार चौक खवासा थाना कुरई, रिहान खान पिता जाबीर खान 41 वर्ष निवासी बस स्टैंड के पीछे वार्ड नं. 11 आयोध्या बस्ती बरघाट थाना बरघाट को गिर तार कर उनके विरूध्द गौवंश वध प्रति. अधि. धारा 4,6 /9म.प्र. गौवंश वध प्रति. अधि. 2004, 6, 7, 10 म. प्र. कृषक पशु परि.अधि. 11 (1) (घ) पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधि. 325,3 (5) बीएनएस, 66 / 192,132 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर सुसंगत धाराओं के तहत विधिवत धाराओं में विवेचना में लिया गया है। एक अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जाना खेलों में कॅरियर का महत्व

मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम एवं खेल कार्यालय के शैक्षणिक भ्रमण में मिली उपयोगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिवनी के 170 छात्र-छात्राओं ने जिला खेल कार्यालय एवं मेजर ध्यानचंद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर छात्रों को खेल और युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, खेल गतिविधियों एवं सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई। खेलों में भविष्य की संभावनाओं को लेकर छात्रों के मन में विशेष जिज्ञासा देखी गई। इस दौरान उन्हें बताया गया कि खेल न केवल व्यक्तित्व विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, बल्कि इसमें उज्जवल भविष्य की भी अपार संभावनाएँ हैं। विभाग द्वारा खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं में भागीदारी के अवसर, वित्तीय सहायता और पुरस्कार जैसी सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे ने छात्रों को खेलों को करियर के रूप में अपनाने हेतु प्रेरित किया और उन्हें यह जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि खेलों में न केवल शारीरिक और मानसिक मजबूती मिलती है, बल्कि यह करियर के लिए भी एक सशक्त माध्यम है।

इस शैक्षणिक भ्रमण में खेल विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा विद्यालय के शिक्षक श्री नवीन कुमार अवधिया, श्री एम. एस. बिनवार, श्रीमती अनामिका तिवारी, श्रीमती प्रेमलता सिंह एवं श्रीमती कोज यामी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों को इस अनुभव से अधिकतम लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं खेल विभाग के अधिकारियों के साथ सामूहिक चित्र लिया गया। इस दौरान छात्रों में उत्साह और ऊर्जा स्पष्ट रूप से दिखाई दी। यह भ्रमण उनके लिए न केवल शैक्षणिक बल्कि प्रेरणादायी भी रहा। जिला खेल और युवा कल्याण विभाग, सिवनी युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने एवं उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट अवसर प्रदान करने के लिए सतत कार्यरत है। विभाग द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक व प्रायोगिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिकाधिक छात्र-छात्राएँ खेलों के प्रति प्रेरित हो सकें।

महिला की गला दबाकर हत्या करने वाले पति, देवर, सास, ससुर को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

महिल की गला दबाकर हत्या करने के मामले में उसके पति, देवर, सास, ससुर को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय के मीडिया सेल प्रभारी प्रदीप कुमार भौरे ने बताया कि दिनांक 07 दिसंबर 2020 को प्रार्थी शेख फिरोज मुसलमान निवासी भीमगढ़ में रिपोर्ट किया उसकी पत्नी सायना बी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

उक्त रिपोर्ट पर थाना छपारा की मार्ग क्रमांक 77/2020 धारा 174जा.फ़ौज. का कायम किया। मृतिका के पिता शेख रियाज पिता शेख सपात कुरेशी बेहना, भाई मोह मद कुरेशी पिता शेख रियाज बेहना के कथनों के अवलोकन पर मृतिका सायना बी की शादी करीब 3 वर्ष पूर्व भीमगढ़ निवासी शेख फिरोज मुसलमान के साथ हुई थी जिसके पति एवं ससुराल वालों द्वारा मृतिका को शादी के करीब एक साल बाद से दहेज में सामान की मांग को लेकर गाली गुप्ता कर मारते पीते थे, दहेज की मांग को पूरा न करने से दिनांक 07.12.2020 को मृतका के पति फिरोज शेख,सास अ तरी बेगम, ससुर शेख बाबू देवर अफरोज ने मिलकर मृतिका का गला दबाकर हत्या किए हैं। संपूर्ण विवेचना उपरान्त साक्ष्य एवं दस्तावेजों के आधार पर अभियुक्त के द्वारा अपराध कारित किया पाये जाने पर अभियोगपत्र अभियुक्तगढ़ के विरूद्ध संबंधित माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। शासन की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी नवल किशोर सिंह लखनादौन द्वारा पैरवी कर तर्क प्रस्तुत किये गये। तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संजीव पालीवाल न्यायालय लखनादौन द्वारा धारा 302,201,120ड्ड,304ड्ड भादवि में अभियुक्तगण,पति शेख फिरोज पिता शेख बाबू 34 वर्ष, देवर शेख अफरोज पिता शेख बाबू 29 वर्ष, ससुर शेख बाबू 64 वर्ष सास अतरी बी पति शेख बाबू 62 वर्ष को आजीवन कारावास एवं 07- 07 हजार रूपये अर्थदण्डे से दंण्डित किया गया।

हरिभूमि

सतपुड़ा भूमि

तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा

10

जबलपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025

login : www.haribhoomi.com

समाज ने लगाया 31 हजार रुपए जुर्माना, बकरा खिलाने की मांग रखी

अंतरजातीय विवाह पर परिवार का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज बालघाट।

बालाघाट के कोतवाली इलाके में एक अंतरजातीय विवाह ने सामाजिक तनाव पैदा कर दिया है। मालाधारी (रविदास) समाज के एक परिवार ने अपने बेटे की शादी दलित (मेश्राम) समाज की लड़की से कराई। इस पर समाज ने पूरे परिवार का बहिष्कार कर दिया।

इस मामले में पीड़ित परिवार के मुखिया और पाटन उपजेल में प्रधान आरक्षक श्रीराम मालाधारी ने गुरुवार को एसपी कार्यालय और मानवाधिकार आयोग में शिकायत की है। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को उनके बेटे विशाल मालाधारी का विवाह कोसमी निवासी पूजा मेश्राम से हुआ था। विशाल बीए और पूजा मेश्राम ने एमएससी और बीएड पास है। शादी की पत्रिका बांटने के दौरान ही समाज के लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। समाज ने मीटिंग बुलाकर 31 हजार रुपए का जुर्माना और एक बकरा खिलाने की मांग रखी।

समाज ने धमकी दी कि इस शर्त को नहीं मानने पर वे शादी में नहीं आएंगे और दूसरों को भी रोकेंगे। शादी में आने वालों पर भी 11 हजार रुपए का जुर्माना और बकरा देने की शर्त रखी गई।

दामाद समझाने गए तो उनसे अभद्रता की

श्रीराम मालाधारी ने बताया कि उनके दामाद ने समाज के लोगों को समझाने का प्रयास किया तो उनके साथ अभद्रता और गाली-गलौज की गई। उन्हें परिवार की सुरक्षा की चिंता है, क्योंकि वे नौकरी के कारण बाहर रहते हैं।

मानव अधिकार आयोग में शिकायत

वहीं मानवाधिकार आयोग मित्र फीरोजा खान ने इस तरह के सामाजिक बहिष्कार को गैरकानूनी बताया है। उन्होंने कहा कि यह एक सामाजिक कुरीति है। इस पर पुलिस कार्रवाई कर सकती है। आयोग को मिले आवेदन पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि सामाजिक भेदभाव को खत्म करने के लिए सरकार अंतरजातीय विवाह को बढ़ावा देती है। इसके लिए अंतरजातीय विवाह योजना में राशि भी दी जाती है।

वहीं भारतीय रविदास संगठन इकाई गर्रा के अध्यक्ष उमेश बारेकर का कहना है कि श्रीराम मालाधारी के बेटे के विवाह की पत्रिका आई थी। चूंकि स्वास्थ्य खराब होने के कारण मैं विवाह में नहीं जा सका।

यह आरोप झूठा है कि हमने उसे समाज से बहिष्कृत किया है और राशि या बकरा की डिमांड की। अन्य लोग उसके यहां शादी में क्यों नहीं गए, इसकी मेरी जानकारी में नहीं है।

बेहरई में शिव महापुराण,निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लालबर्रा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेहरर्ई में 20 फरवरी से महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज कलशयात्रा निकाली गई। यह कलशयात्रा कार्यक्रम स्थल से निकलकर जो गांव का भ्रमण किया गया। जिसमें महिलाएं, बच्चे व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके पश्चात पंडितजी श्री वृन्दावन से पधारे शैलेश मिश्रा जी द्वारा सभी देवताओं की पूजा अर्चना कर कथा वाचन किया गया। यह शिवमहापुराण प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक एवं 8 बजे से 11बजे तक कथा सुनाई जाएगी। जिसका समापन 28 फरवरी को हवन पूजन के बाद भंडारा का आयोजन किया जायेगा। इस धार्मिक कार्यक्रम में आस-पास के क्षेत्रीय जनों एवं श्रद्धालुओं से पहुंचने की अपील आयोजन लोकचंद पारधी एवं ग्रामीणों ने की है।

जो ई-आबकारी में पंजीकृत होगा वहीं लॉटरी में शामिल हो सकेगा

आबकारी दुकानों के लिए शासन ने ठेके को लेकर किया नया निर्धारण

कलेक्टर श्री मीना ने दुकानों के निष्पादन से पहले की बैठक

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मप्र शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लॉटरी के माध्यम से मदिरा दुकानों के निष्पादन के लिए नए निर्धारण किये गए है। इन निर्धारणों के सम्बंध में गुरुवार को कलेक्टर श्री मृणाल मीना और एसपी श्री नगेन्द्र सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में आबकारी विभाग और पंजीकृत ठेकेदारों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने निर्देश दिए है कि शासन द्वारा जो गाइड लाइन तय की गई है, उसी अनुरूप दुकानों का निर्धारण होगा। नवीनीकरण नही कराने पर लॉटरी या टेंडर के आगामी चरणों में पुनः लायसेंस प्राप्त करना होगा या नहीं इसकी अनिश्चितता रहेगी। साथ ही दूसरे क्षेत्र के लाइसेंसी भी आ सकते हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा होगी तो लाभ प्रभावित हो सकते है। इस बार बैंक ड्राफ व बैंक गारंटी नही व्हलने वाली है। इसके स्थान पर अब ई-बिजी का प्रावधान किया गया है। वहीं ई-आबकारी पोर्टल पर जिन ठेकेदारों का पंजीयन होगा वो ही लॉटरी और टेंडर में शामिल हो सकेंगे। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक वृद्धि करना होगी। यानी वार्षिक मूल्य 358 करोड़ करना होगा।

जिला आबकारी अधिकारी श्री सुरेंद्र कुमार उरांव ने बताया कि निष्पादन समिति द्वारा 19 मदिरा दुकान समूहों (102 मदिरा दुकान) का नवीनीकरण/लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। यह कार्यक्रम 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिए होगा। समिति द्वारा कार्यक्रम निर्धारित कर लिया गया है। इसके अनुसार नवीनीकरण आवेदन प्राप्त करना 17 फरवरी 10:00 बजे से 21 फरवरी शाम 5:30 बजे तक किया का सकता है। इसके बाद जमा 21 फरवरी शाम 6 बजे तक का समय है। जबकि नवीनीकरण के आवेदन पत्र रहित मदिरा दुकानों एकल समूहों पर इच्छुक पात्र आवेदकों के लॉटरी आवेदन पत्र क्रय करने तथा जमा करने की तिथि 22 फरवरी सुबह 10:00 बजे 27 फरवरी 1:30 व जमा दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है। वही नवीनीकरण के लिए प्राप्त तथा प्रस्तुत लॉटरी आवेदन पत्रों को जिला समिति द्वारा परीक्षण करने के लिए खोलने व निराकरण 27 फरवरी को कार्यवाही पूर्ण होने तक की जाएगी।

4 महिला नक्सली ढेर : बालाघाट में 62 लाख रुपए का इनाम था, पुलिस-नक्सलियों के बीच 5 घंटे चली मुठभेड़

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट पुलिस ने गढ़ी थाना क्षेत्र में पुलिस ने बुधवार को एक मुठभेड़ में 4 हार्ड कोर महिला नक्सलियों को मार गिराया है। इन नक्सलियों पर 62 लाख की इनाम घोषित किया गया था। कान्हा के वनक्षेत्र सूपखार के घने जंगलों में 19 फरवरी को यह मुठभेड़ हुई। इसमें भोरमदेव कमेटी की एक कमांडर और तीन एसीएम स्तर की महिला नक्सली मारी गईं।

बता दें कि 29 साल बाद बालाघाट पुलिस को एक साथ चार नक्सलियों को मारा है, जबकि 1994 से 1996 के बीच हुई नक्सली मुठभेड़ में बालाघाट पुलिस ने चार नक्सलियों को मार गिराया था। नक्सलियों को मार गिराने वाली टीम के सभी 28 सदस्यों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया जाएगा।

सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच करीब 5-6 घंटे तक मुठभेड़ चली। पुलिस ने 100 राउंड फायरिंग की। नक्सलियों की तरफ से 180 से ज्यादा राउंड फायर किए गए। आईजी संजय कुमार ने बताया कि गढ़ी में तैनात हॉक फोर्स की टीम को नक्सलियों की जानकारी मिली थी। इसके बाद यह ऑपरेशन शुरू किया गया। कुछ नक्सली घायल अवस्था में घने जंगलों का फायदा उठाकर भाग निकले। उनकी तलाश के लिए सर्चिंग पार्टी अभी भी जंगल में मौजूद है।

आईजी ने बताया कि बस्तर में दबाव बढ़ने के कारण नक्सली जिले के जंगलों का रुख कर रहे हैं। इनमें 80 प्रतिशत बस्तर से और 20 प्रतिशत गढ़चिरोली और राजनांदगांव से हैं। उन्होंने बताया कि 2007 से जिले में कोई नई भर्ती नहीं हुई है। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के साथ नक्सलियों से निपटने में अच्छा समन्वय है।

आपदा प्रबंधन पर आयोजित हुई कार्यशाला

अग्नि एवं विस्फोट दुर्घटना से बचाव तकनीक का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला आपदा प्रबंधन अध्यक्ष प्राधिकरण के आदेशानुसार बाढ आपदा एवं खोज बचाव विषय पर एक दिवस कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को जिला आपदा प्रबंधन प्रधिकरण के तत्वाधान में होमगार्ड लाईन बालाघाट में किया गया। आपदा प्रबंधन नोडल अधिकारी व डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड श्रीमती रजनी खटीक के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला में एसडीईआरएफ टीम एवं फायर रिस्पांस सिस्टम टीम के द्वारा आपदा प्रबंधन तकनीक के बारे में जानकारी प्रदाय की गई। जिसमें नगर पलिका बालाघाट, नगर परिषद वारासिवनी, बैहर, मलाजखंड, कटंगी, लांजी के लगभग 50 अधिकारी/कर्मचारी फायर मेंन सम्मिलित रहे। कार्यशाला में संयुक्त कलेक्टर श्री मायाराम कौल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यशाला में जिले में गठित की गई (आईआरटी) टीम की जवाबदारी एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के विषयों पर वृहद चर्चा की गई। वहीं श्रीमती रजनी खटीक डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट, एसडीईआरएफ टीम एवं फायर रिस्पांस सिस्टम टीम के द्वारा अग्नि एवं विस्फोट दुर्घटना के दौरान राहत बचाव तकनीक डेमोस्ट्रेशन के माध्यम से बचाव की विधियो को बताया गया।

गोंडी भाषा को बचाने की मुहिम, चम्मी मेरावी चला रहीं मुफ्त कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट की चम्मी मेरावी गोंडी भाषा को बचाने के लिए बिना किसी शुल्क के गोंडी भाषा सिखा रही हैं। बालाघाट आदिवासी बहुल क्षेत्र है। यहां गोंड जनजाति के लोग बड़ी संख्या में निवास करते हैं। मलाजखंड की रहने वाली चम्मी मेरावी ने बताया कि पहले यहां गोंडी भाषा का विशेष महत्व था। आधुनिकता के प्रभाव से यह भाषा लुप्त होती जा रही है। चम्मी ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में गोंडी भाषा बोलने वालों की संख्या में कमी आई है। युवा वर्ग इस भाषा से दूर हो रहा है। इसी कारण उन्होंने गोंडी भाषा की कक्षाएं शुरू कीं। कई गोंड जनजाति के लोग अपनी मूल भाषा नहीं बोल पाते। इससे उन्हें सामाजिक वार्तालाप में कठिनाई होती है। अब उनकी कक्षाओं में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक गोंडी सीखने आ रहे हैं। चम्मी का कहना है कि गोंडी भाषा के संरक्षण के लिए सरकारी प्रयास भी जरूरी हैं। उन्होंने गोंडी को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की है। साथ ही स्कूली पाठ्यक्रम में इसे जगह देने की भी मांग की है। उनका मानना है कि संस्कृति का अस्तित्व भाषा से जुड़ा होता है। गोंडी संस्कृति को बचाने के लिए भाषा का संरक्षण आवश्यक है। लोगों को क्लास के माध्यम से गोंडी बोली, सीखा रही मलाजखंड की चम्मी मेरावी बताती है कि गोंडी बोली हर इलाके में अलग-अलग तरह से बोली जाती है। जैसे कि महाराष्ट्र से सटे इलाकों में बोली में फरक आ जाता है। वहीं, छत्तीसगढ़ से सटे इलाकों में अलग ढंग से इस बोली को बोला जाता है। मंडला से सटे इलाकों में अलग तरीके से यह बोली जाती है। लामता, परसवाड़ा, बैहर के क्षेत्रों में बोली में फर्क आ जाता है।

शाही संदल ने किया शहर का भ्रमण, हक्कूशाह बाबा दरबार में चादर पेश

लिंगा में 4 दिवसीय वारिस वार्षिकोत्सव शुरू

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट से 8 किलोमीटर दूर लिंगा लोहारा गांव की पहाड़ी पर स्थित वारिस टेकरी, आनंद आश्रम में चार दिवसीय वारिस वार्षिक उत्सव उर्स चल रहा है।

गुरुवार शाम 4 बजे वारिस टेकरी दरगाह से शाही संदल निकाला गया। संदल वारिस टेकरी से ग्राम लिंगा, नवेगांव और कोसमी होते हुए मेन रोड पर पहुंचा। फिर हनुमान चौक से होकर हक्कूशाह बाबा दरबार तक गया।

वारिस टेकरी के संरक्षक आजाद शाह वारसी और अन्य श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में चादर पेश की। उन्होंने जिले, देश और दुनिया में शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। इसके बाद शाही संदल काली पुतली चौक और आंबेडकर चौक होते हुए कोसमी पहुंचा। वहां बाबा कलंदर शाह और वारसी आश्रम की दरगाह में भी चादर पेश की गई।

वारिस टेकरी आनंद आश्रम में यह वार्षिकोत्सव 1964 से लगातार किया जा रहा है। आजाद शाह वारसी के अनुसार, वारिस-ए-पाक ने दुनिया को मोहब्बत का संदेश दिया। उन्होंने बिना धर्म और जाति के भेदभाव के सभी को समान माना। यह आयोजन समाज में सांप्रदायिक एकता का संदेश देने के लिए हर साल किया जाता है।

रबी विपणन वर्ष में गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 31 मार्च तक

बालाघाट। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन प्रारम्भ हो गया है। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्री ठाकुर ने बताया कि किसानों का पंजीयन जिले के 18 केंद्रों पर 20 फरवरी से प्रारम्भ हो गया है। यह पंजीयन 31 मार्च तक जारी रहेगा। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि समस्त दस्तावेज ले जाकर पंजीयन केंद्रों या अपने स्वयं के मोबाइल, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्रों ऑयर निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित कैफे में करा सकते है।

सीनियर बालक छात्रावास उकवा मे दी गई विनम्र श्रद्धांजलि

14 फरवरी का वो काला दिन, जब देश रोया था, उजड़ गईं थी 40 परिवारों की खुशियां

हरिभूमि न्यूज उकवा।

14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले को आज 6 साल हो गए, लेकिन उस दर्दनाक मंजर की टीस अब भी जिंदा है. CRPF के 40 जवान शहीद हुए थे, और पूरा देश गम में डूब गया था. यह दिन हर भारतीय के दिल में शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है.पुलवामा अटैक में शहीद देश के वीर जवानों की शहादत को शत शत नमन करते हुए, सीनियर बालक छात्रावास उकवा में दीप जला देश के शहीद अमर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिसमें उपस्थित सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारीक़ सर जी बालक सीनियर छात्रावास अधीक्षक श्री रामलाल पटले समाजसेवी संदीप गजभिये, श्री बाबूलाल धुर्वे जी हॉस्टल नायक निकेतन उइके, वीरेंद्र मेरावी रामू परते, रवि चिचाम, विशाल तेकाम आदि उपस्थित रहें।

जमीन की सौदेबाजी में धोखाधड़ी: तीसरे दिन नए पीड़ितों ने थाने में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर के वार्ड क्रमांक 11 निवासी दो युवा भाई मोहित और दीपक श्रीवास ने मिलकर जमीन की सौदेबाजी में बड़ी धोखाधड़ी की है. लगातार तीन दिनों से इन दो भाईयों के द्वारा ठगे गए पीड़ति थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवा रहे है. पुलिस ने इन सभी शिकायतों पर अभी जांच शुरू नहीं की है. शिकायतकर्ताओं की संख्या लगातार बढ़ने की जानकारी मिलने पर पुलिस एक साथ सभी शिकायतों पर संज्ञान लेने की तैयारी में है. इस बीच बुधवार को लक्ष्मी बाई देशमुख, आयशा अंजुम और संदीप बोपचे ने एक साथ थाना पहुंचकर मोहित श्रीवास के खिलाफ जमीन खरीदी-बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी करने की शिकायत दर्ज करवाई है. एक अनुमान के मुताबिक इन दोनों ही भाईयों ने जमीनों की सौदेबाजी में करीब 01 करोड़ रुपए का हेर-फेर किया है. वहीं इनके जाल में फंसकर लोग अपनी जमीन बर्बाद कर चुके है. जो लोग इनके झांसे में आए आज ना उसके पास जमीन बची है और ना ही उन्हें पैसा मिल पाया है. यह लोग अपनी जमीन और पैसा दोनों ही खोने के बाद अब मोहित और दीपक श्रीवास के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर पैसा और जमीन वापस दिलाने की मांग को लेकर थाने के चक्कर काट रहे है. पीड़ितों को उम्मीद है पुलिस ही अब उन्हें न्याय दिला सकती है।

कटंगी शहर की वार्ड क्रंमाक 07 निवासी लक्ष्मीबाई देशमुख ने अपनी लिखित शिकायत में पुलिस को बताया कि मोहित श्रीवास ने 15 जून 2023 को खसरा नंबर 179/6 रकबा 0. 170 हेक्टेयर भूमि का सौदा 38 लाख रुपए में किया और नगद बयाने के तौर पर 5 लाख रुपए की राशि दी. इसके साथ ही मोहित श्रीवास ने यह करार किया कि 07 माह के भीतर जमीन की रजिस्ट्री की जाएगी. इस करार के बाद मोहित श्रीवास ने लक्ष्मी बाई देशमुख को भरोसे में लेकर कुछ प्लाटों की बिक्री अन्य लोगों के साथ कर दी और लक्ष्मी बाई से इन प्लाटों की रजिस्ट्री भी करवा दी. इस पूरी प्रक्रिया में कुल 16 लाख रुपए लक्ष्मी बाई को मिले. लक्ष्मी बाई देशमुख ने बताया कि करार के मुताबिक जब 07 माह बाद मोहित श्रीवास को जमीन की रजिस्ट्री करने के लिए कहा गया तो वह टाल मटोल करने लगा।

वार्ड क्रमांक 07 निवासी शिकायतकर्ता आयशा अंजुम बताती है कि उनके पति गांव-गांव में कबाड़ी खरीदने का काम करते है स्वयं का छोटा सा घर का सपना संजोकर उन्होंने मोहित से प्लाट खरीदने का सौदा किया लेकिन आज तक मोहित ने कोई प्लाट नहीं दिया. उन्होंने अपनी पुलिस शिकायत में बताया कि 21 जुन 2024 को मोहित श्रीवास ने खसरा नंबर 256/6 में रकबा 1700 वर्गफुट प्लाट बेचने का सौदा 5 लाख 32 हजार रुपए में किया था. बयाने के तौर पर 4 लाख रुपए की राशि नगर और 42 हजार रुपए की राशि अकाउंट में जमा कराई गई थी।

मोहित श्रीवास ने ना सिर्फ शहर के लोगों को ठगने का काम किया बल्कि गांवों को लोगों को भी नहीं छोड़ा. कालीमाटी निवासी संदीप बोपचे के साथ भी मोहित ने जमीन बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी की है. उन्होंने भी कटंगी थाने में शिकायत दर्ज करवाई है।

प्रदेश की समीक्षा बैठक में बोद्धाचार्य परीक्षा के आयोजन सहित 17 बिंदुओं पर प्रस्ताव पारित

बोधिसत्व डा. बाबा साहेब जयंती जन्मस्थली महू में मनाई जावेगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विगत दिनों भारतीय बौद्धों की सर्वोच्च धार्मिक सामाजिक मातृत्व संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया की समीक्षा बैठक प्रदेश के इंदौर जिला मुख्यालय में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला शाखा इंदौर का पुनर्गठन एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर भी सम्पन्न हो गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता म.प्र. के अध्यक्ष डॉ. चरनदास ढेंगरे द्वारा की गई थी। मुख्य अतिथि बी.एच.गायकवाड गुरूजी राष्टीय सचिव एवं म.प्र. के प्रभारी मुंबई, प्रमुख अतिथि गौतम पाटिल राष्ट्रीय संघठक भोपाल,स्वागत अध्यक्ष आर.सी. दिवाकर प्रदेश अध्यक्ष उत्तर, मेजर डा. शांताराम वाघ, मेजर डा. उत्तम प्रधान इंदौर, विजय पात्रे प्रदेश लेखा प्रशिक्षक जबलपुर, राजकपूर कामडे प्रदेश सचिव कार्य.शामिल हुए ,पूज्य भंते प्रज्ञाशील इंदौर एवं हर्षवर्धन शिवपुरी भी सौजन्य वश शामिल हुये। जिनके द्वारा पूजा वंदना सम्पन्न कराई गई। इनके अतिरिक्त म.प्र. दक्षिण एवं उत्तर के प्रदेश,विभिन्न जिला शाखाओ एवं इंदौर के पदाधिकारी भारी संख्या में शामिल रहे। दिनांक 15 फरवरी को जिला शाखा का पूनर्गठन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें शाखा से आय-व्यय एवं लेखा जोखा लेने के बाद शाखा में शुभम रायपुरे-जिलाध्यक्ष, संतोष सकपाल-महासचिव, सुनील प्रधान -कोषाध्यक्ष सहित पूरी शाखा का पुनर्गठन कर ढेंगरे जी द्वारा जिले को शाखा मान्यता पत्र प्रदान किया । गायकवाड गुरूजी की अनुशंसा पर प्रदेश में आयुनि.प्रभावती वानखेडे इंदौर की प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्ति की गई। शाखा के सभी नियुक्त पदाधिकारियों ने तत्काल बाबासाहेब की जन्मस्थली स्मारक महू जाकर संविधान एवं वरिष्ठो के निर्देशो का पालन करते हुये धम्म कार्य को गतिमान करने का संकल्प लिया। दूसरे दिन 16 फरवरी को समीक्षा बैठक में बोधिसत्व डा.बाबा साहेब आंबेडकर जयंती 2025 उनकी जन्म स्थली महू में वृहद स्तर पर मनाना, बोधाचार्य परीक्षा पूरे म.प्र. में 30मार्च को आयोजित करना,जिसके लिए बालाघाट, इंदौर, बुरहानपुर एवं ग्वालियर के परीक्षा केंद्र में केन्द्रिय पर्यवेक्षक मुंबई के निर्देशानुसार परीक्षा सम्पन्न कराना, जन्मस्थली के विवाद सम्पन्न कराने हेतु आंदोलन जारी रखना, सभी जिला मुख्यालयों में जयंती अवसर पर धम्म प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन करना, समता सैनिक दल का राष्ट्रीय केम्प महू में आयोजित करना, सभी जिला शाखाऐ 31 मार्च तक आय-व्यय एवं लेखा जोखा शीघ्र प्रदेश को प्रेषित करने सहित 17 बिंदुओं पर प्रस्ताव पारित किये गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गायकवाड गुरूजी के मध्यप्रदेश में शीलवान , नितिवान समाज निर्माण करने हेतु अधिक से अधिक प्रशिक्षण शिविरों के आयोजनों पर जोर दिया।